# CHAPTER- 4
# घर – प्रभात

**1. छिपकली का नया सफर | പല്ലിയുടെ പുതിയ യാത്ര**

- कहानी एक छिपकली से शुरू होती है जो अपना पुराना घर छोड़कर सड़क पार कर रही है । പഴയ വീട് ഉപേക്ഷിച്ച് റോഡ് മുറിച്ചുകടക്കുന്ന ഒരു പല്ലിയിലൂടെയാണ് കഥ ആരംഭിക്കുന്നത്.
- रास्ते में उसे एक गिरगिट मिलता है जिससे वह बातचीत करती है । വഴിമധ്യേ അവൾ ഒരു ഓന്തിനെ കണ്ടുമുട്ടുകയും അവർ തമ്മിൽ സംസാരിക്കുകയും ചെയ്യുന്നു.

**2. श्रीमान फरहाद का व्यवहार | ശ്രീമാൻ ഫർഹാദിന്റെ പെരുമാറ്റം**

- छिपकली श्रीमान फरहाद के नए घर जा रही है क्योंकि वे जीवों के प्रति बहुत दयालु हैं । ശ്രീമാൻ ഫർഹാദ് ജീവികളോട് വളരെ കരുണയുള്ളവനായതുകൊണ്ട് പല്ലി അദ്ദേഹത്തിന്റെ പുതിയ വീട്ടിലേക്ക് പോകുന്നു.
- वह बताती है कि फरहाद उन लोगों में से नहीं हैं जो छिपकलियों के पीछे झाड़ू लेकर भागते हैं । പല്ലികളുടെ പുറകെ ചൂലുമായി ഓടുന്ന കൂട്ടത്തിലല്ല ഫർഹാദ് എന്ന് അവൾ പറയുന്നു.
- इससे पहले वह श्रीमती शांतिदास के साथ रही थी, जो उसे देखते ही चिल्लाने लगती थीं । ഇതിനുമുമ്പ് അവൾ ശ്രീമതി ശാന്തിദാസിനൊപ്പമായിരുന്നു താമസം, അവർ പല്ലിയെ കാണുമ്പോൾ തന്നെ നിലവിളിക്കുമായിരുന്നു.

**3. नए घर के निवासी | പുതിയ വീട്ടിലെ താമസക്കാർ**

- नए घर (नीम सराय, मकान नंबर 205) में एक मकड़ी पहले से रह रही है । പുതിയ വീട്ടിൽ (നീം സരായ്, വീട് നമ്പർ 205) നേരത്തെ തന്നെ ഒരു ചിലന്തി താമസിക്കുന്നുണ്ട്.
- वहाँ दस-पंद्रह मक्खियाँ और लगभग सौ मच्छर भी हैं । അവിടെ പത്ത്-പതിനഞ്ച് ഈച്ചകളും നൂറോളം കൊതുകുകളുമുണ്ട്.
- दीवार की पपड़ी में एक काली चींटी अपने बच्चों के साथ रहती है । ഭിത്തിയിലെ പാളികൾക്കിടയിൽ ഒരു കറുത്ത ഉറുമ്പും കുഞ്ഞുങ്ങളും വസിക്കുന്നു.

**4. अन्य जीव और उनका काम | മറ്റ് ജീവികളും അവരുടെ ജോലിയും**

- घर में एक चूहा भी आता-जाता रहता है, जिसे ततैया 'पत्रकार' कहती है । എപ്പോഴും വന്നും പോയുമിരിക്കുന്ന ഒരു എലിയുണ്ട്, അവനെ 'പത്രപ്രവർത്തകൻ' എന്നാണ് കടന്നൽ വിളിക്കുന്നത്.
- एक ततैया (पड़ोसी) छिपकली और मकड़ी को चाय पर बुलाती है । അയൽവാസിയായ ഒരു കടന്നൽ പല്ലിയെയും ചിലന്തിയെയും ചായ സൽക്കാരത്തിന് വിളിക്കുന്നു.

**5. घर के प्रति दृष्टिकोण | വീടിനെക്കുറിച്ചുള്ള കാഴ്ചപ്പാട്**

- ततैया का मानना है कि श्रीमान फरहाद इस घर में बहुत कम जगह लेते हैं । ശ്രീമാൻ ഫർഹാദ് ഈ വീട്ടിൽ വളരെ കുറച്ച് സ്ഥലം മാത്രമേ ഉപയോഗിക്കുന്നുള്ളൂ എന്ന് കടന്നൽ വിശ്വസിക്കുന്നു.

- जीवों का कहना है कि इंसानों का दीवारों, खिड़कियों या छत से कोई खास लेना-देना नहीं है। ചുവരുകളോടോ ജനലുകളോടോ മേൽക്കൂരയോടോ മനുഷ്യർക്ക് വലിയ ബന്ധമില്ലെന്നാണ് ഈ ജീവികളുടെ പക്ഷം.

| | |
|---|---|
| छिपकली: പല്ലി | पड़ोसी: അയൽവാസി |
| गिरगिट: ഓന്ത് | पत्रकार: പത്രപ്രവർത്തകൻ |
| मकड़ी: ചിലന്തി | बदकिस्मती: നിർഭാഗ്യം |
| मक्खी: ഈച്ച | तजुर्बा: അനുഭവം |
| मच्छर: കൊതുക് | झाड़ू: ചൂല് |
| चींटी: ഉറുമ്പ് | सलीका: രീതി / മര്യാദ |
| ततैया: കടന്നൽ | शांति: സമാധാനം |
| चूहा: എലി | मालकिन: യജമാനത്തി |
| गिलहरी: അണ്ണാൻ | इरादा: ഉദ്ദേശം |
| चिड़िया: പക്ഷി | पपड़ी: പാളി (ഭിത്തിയിലെ പായലോ സിമന്റോ ഇളകി നിൽക്കുന്നത് |
| घर: വീട് | मुसकराना: പുഞ്ചിരിക്കുക |
| सड़क: റോഡ് | ज़िक्र करना: പരാമർശിക്കുക |
| किराया: വാടക | गायब होना: അപ്രത്യക്ഷമാവുക |
| कमरा: മുറി | जागना: ഉണരുക |
| अलमारी: അലമാര | सोना: ഉറങ്ങുക |
| दीवार: ഭിത്തി | बदलना: മാറിക്കൊണ്ടിരിക്കുക |
| खिड़की: ജനൽ | दूभर होना: പ്രയാസകരമാവുക |
| छत: മേൽക്കൂര | खिली-खिली: സന്തോഷവതിയായി |
| परदा: തിരശ്ശീല (Curtain) | बुद्धू: വിഡ്ഢി |
| जगह: സ്ഥലം | लेना-देना नहीं: ബന്ധമില്ലാത്ത |
| झाड़ू लेकर पड़े रहना: എപ്പോഴും ഓടിക്കാൻ ശ്രമിക്കുക (ചൂലുമായി പുറകെ നടക്കുക) | बचा-खुचा जीवन: ബാക്കിയുള്ള ജീവിതം |

1. **'घर' कहानी के लेखक कौन हैं?** ('ഘർ' എന്ന കഥയുടെ രചയിതാവ് ആര്?)

   **उत्तर:** प्रभात (പ്രഭാത്)

2. **छिपकली ने अपना पुराना घर क्यों छोड़ दिया?** (പല്ലി എന്തുകൊണ്ടാണ് തന്റെ പഴയ വീട് ഉപേക്ഷിച്ചത്?)

   **उत्तर:** क्योंकि श्रीमान फरहाद ने अपना नया घर बना लिया था। (കാരണം ശ്രീമാൻ ഫർഹാദ് തന്റെ പുതിയ വീട് ഉണ്ടാക്കിയിരുന്നു.)

3. **छिपकली श्रीमान फरहाद के साथ रहना क्यों पसंद करती थी?** (ശ്രീമാൻ ഫർഹാദിനൊപ്പം താമസിക്കാൻ പല്ലി ഇഷ്ടപ്പെട്ടത് എന്തുകൊണ്ട്?)

   **उत्तर:** क्योंकि वे जीवों के प्रति दयालु थे और उन्हें झाड़ू से नहीं भगाते थे। (കാരണം അദ്ദേഹം ജീവികളോട് ദയയുള്ളവനായിരുന്നു, അവയെ ചൂലുകൊണ്ട് ഓടിക്കുമായിരുന്നില്ല.)

4. **छिपकली के अनुसार श्रीमती शांतिदास कैसी थीं?** (പല്ലിയുടെ അഭിപ്രായത്തിൽ ശ്രീമതി ശാന്തിദാസ് എങ്ങനെയുള്ളവരായിരുന്നു?)

   **उत्तर:** वे छिपकली को देखते ही चिल्लाने लगती थीं। (അവർ പല്ലിയെ കാണുമ്പോൾ തന്നെ നിലവിളിക്കുമായിരുന്നു.)

5. **श्रीमान फरहाद का नया घर कहाँ था?** (ശ്രീമാൻ ഫർഹാദിന്റെ പുതിയ വീട് എവിടെയായിരുന്നു?)

   **उत्तर**: नीम सराय में, मकान नंबर 205. (നീം സരായിലെ 205-ാം നമ്പർ വീട്.)

6. **ततैया ने चूहे को क्या कहकर बुलाया?** (കടന്നൽ എലിയെ എന്തെന്ന് വിളിച്ചു?)

   **उत्तर**: पत्रकार (പത്രപ്രവർത്തകൻ)

7. **ततैया के अनुसार श्रीमान फरहाद घर में क्या करते थे?** (കടന്നലിന്റെ അഭിപ്രായത്തിൽ ഫർഹാദ് വീട്ടിൽ എന്താണ് ചെയ്തിരുന്നത്?)

   **उत्तर**: वे केवल रात में सोने और किताब पढ़ने आते थे। (അദ്ദേഹം രാത്രിയിൽ ഉറങ്ങാനും പുസ്തകം വായിക്കാനും മാത്രമാണ് വന്നിരുന്നത്.)

8. **नए घर में छिपकली से पहले कौन रहने आया था?** (പുതിയ വീട്ടിൽ പല്ലിക്ക് മുൻപേ താമസിക്കാൻ വന്നത് ആര്?)

   **उत्तर**: मकड़ी (ചിലന്തി)

9. **"वे किताबों के आगे रहते थे, मैं किताबों के पीछे।" - यहाँ 'वे' कौन हैं?** ("അദ്ദേഹം പുസ്തകങ്ങൾക്ക് മുന്നിലും ഞാൻ പിന്നിലും താമസിച്ചു" - ഇതിൽ 'അദ്ദേഹം' ആര്?)

   **उत्तर**: श्रीमान फरहाद (ശ്രീമാൻ ഫർഹാദ്)

10. **दीवार की पपड़ी में कौन रहता था?** (ഭിത്തിയുടെ പാളികൾക്കിടയിൽ ആര് താമസിച്ചിരുന്നു?)

    **उत्तर**: काली चींटी और उसके बच्चे (കറുത്ത ഉറുമ്പും കുഞ്ഞുങ്ങളും)

11. **प्रश्न**: श्रीमान फरहाद के नए घर पहुँचने के बाद छिपकली की **डायरी** लिखिए।

20 अक्टूबर 2026
शुक्रवार

आज मैं बहुत खुश हूँ। आज मैंने अपना पुराना घर छोड़ दिया। अब मैं श्रीमान फरहाद के नए घर में आ गई हूँ। यह घर नीम सराय में है और इसका नंबर 205 है। यहाँ का वातावरण बहुत शांत और सुंदर है। यहाँ मुझे झाड़ू का डर नहीं है। श्रीमती शांतिदास जैसी मालकिन यहाँ नहीं है । यहाँ मुझे कई नए दोस्त मिले हैं। एक मकड़ी है। एक ततैया भी है जिसने हमें प्यार से चाय पर बुलाया। यहाँ बहुत सारे मच्छर और मक्खियाँ हैं। श्रीमान फरहाद यहाँ भी अपनी किताबों की दुनिया में खोए हुए हैं। वे बहुत अच्छे इंसान हैं। वे किसी भी जीव को परेशान नहीं करते। यह घर अब मेरा भी है।

12. प्रश्न: **पुराने घर से नए घर की ओर जाते समय छिपकली और गिरगिट के बीच हुई बातचीत।**

**गिरगिट** : हैलो छिपकली! तुम दीवार छोड़कर आज इस सड़क पर क्या कर रही हो?
**छिपकली** : हैलो दोस्त! मैं आज अपना घर बदल रही हूँ।
**गिरगिट** : घर बदल रही हो? क्या पुराने घर में कोई समस्या थी?
**छिपकली** : हाँ! वहाँ की मालकिन बहुत डरावनी थी। अब श्रीमान फरहाद ने अपना नया घर बना लिया है। मैं उन्हीं के पास जा रही हूँ।
**गिरगिट** : तो तुम्हें इससे क्या?
**छिपकली** : फरहाद बहुत दयालु इंसान हैं। वे मुझे कभी झाड़ू से नहीं मारते।
**गिरगिट** : अच्छा! तो तुम्हारी यात्रा सुखद हो। नए घर में मजे करना।
**छिपकली** : शुक्रिया दोस्त! अलविदा!

13. प्रश्न: **कहानी के आधार पर 'श्रीमान फरहाद' चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।**

**श्रीमान फरहाद का चरित्र**

**प्रभात** द्वारा लिखित कहानी '**घर**' के मुख्य पात्र **श्रीमान फरहाद** एक बहुत अच्छे और दयालु इंसान हैं। वे जीव-जंतुओं से प्यार करते हैं और उन्हें कभी नहीं मारते। जहाँ दूसरे लोग छिपकलियों को देखकर झाड़ू लेकर दौड़ते हैं, वहीं फरहाद उन्हें शांति से रहने देते हैं। इसी कारण छिपकली उनके नए घर में भी उनके साथ रहना चाहती है। फरहाद को किताबें पढ़ने का बहुत शौक है। वे घर में बहुत कम जगह लेते हैं और केवल रात को सोने आते हैं। वे समझते हैं कि यह घर केवल इंसानों का नहीं, बल्कि सभी जीवों का है। संक्षेप में, श्रीमान फरहाद एक आदर्श इंसान हैं।

14. प्रश्न: **नए घर के बारे में बताते हुए छिपकली अपने मित्र को पत्र लिखती है।**

स्थान
तारीख

प्रिय मित्र,

तुम कैसे हो? आशा है कि तुम ठीक होगे। मैं तुम्हें यह बताने के लिए पत्र लिख रही हूँ कि मैं अब नए घर में आ गई हूँ। यह घर नीम सराय में है।

यहाँ का वातावरण बहुत शांत और सुंदर है। यहाँ मुझे झाड़ू का डर नहीं है। श्रीमती शांतिदास जैसी मालकिन यहाँ नहीं है । यहाँ मुझे कई नए दोस्त मिले हैं। एक मकड़ी है। एक ततैया भी है जिसने हमें प्यार से चाय पर बुलाया। यहाँ बहुत सारे मच्छर और मक्खियाँ हैं। श्रीमान फरहाद यहाँ भी अपनी किताबों की दुनिया में खोए हुए हैं। वे बहुत अच्छे इंसान हैं। वे किसी भी जीव को परेशान नहीं करते। यह घर अब मेरा भी है।

तुम्हारा मित्र
छिपकली

सेवा में,
नाम
पता

15. . प्रश्न: **जीवों के प्रति दया और प्रेम का संदेश देने के लिए एक पोस्टर तैयार करें।**

